# सेंट ग्रेगोरियल हाईस्कूल चेंबूर

## प्रिलिमिनरी परीक्षा – 2018–19

कक्षा – दसवीं | पूर्णांक – 80
विषय हिंदी | समय – 3 घंटे

*Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.*

*You will not be allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

*The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.*

---

*This paper comprises two Sections—Section A and Section B.*

*Attempt all the questions from Section A.*

*Attempt any four questions from Section B, answering at least one question each from the two books you have studied and any two other questions.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

## SECTION –A

## भाग – अ

प्रश्न 1 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए: जो 300 से 350 शब्दों से कम का न हो।

(i) भारतीय संस्कृति में "अतिथि को देवता के समान माना जाता है।" वर्तमान परिस्थितियों में यह मान्यता कहाँ तक दिखाई दे रही है? अतिथि कब बोझ बन जाता है और किस प्रकार? समझाइए। (15)


(ii) आज जल संरक्षण की अत्यंत आवश्यकता है। इससे होने वाले लाभों को बताइए, और यह बताइए कि आप जल की बरबादी को रोकने के लिए क्या–क्या करेंगे?

(iii) "बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ" आज के समय की माँग है। इस अभियान को किस प्रकार पूर्ण किया जा सकता है? अपने विचार प्रकट कीजिए।

(iv) निम्नलिखित उक्ति को आधार मानकर एक मौलिक कहानी लिखिए।

"जान बची तो लाखों पाए।"

(v) निम्नचित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर कोई लेख, घटना, अथवा कहानी लिखिए।



प्रश्न 2) **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए।** (7)

(i) आपके विद्यालय में वार्षिकोत्सव बड़ी धूम–धाम से मनाया गया। किसी स्थानीय समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखकर बताइए कि वे इस वार्षिकोत्सव की विषय वस्तु को अपने समाचार पत्र में प्रकाशित करें।

अथवा

आप अपनी शैक्षणिक यात्रा समाप्त कर अपने छात्रावास पहुँच चुके हैं। यात्रा की सफलता और अपनी कुशलता को बताते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए।

प्रश्न 3) **निम्नलिखि गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए।** (10)

एक दिन सुबह के समय बादशाह अकबर अपने महल के झरोखे में खड़े थे। उसी समय एक ऐसा व्यक्ति महल के नीचे रास्ते से गुजरा जिसके बारे में कहा जाता था कि वह मनहूस है और सुबह–सुबह जो भी उसकी सूरत देख लेता है, उस दिन वह मुसीबतों से घिरा रहता है। उस व्यक्ति ने बादशाह को सलाम किया और आगे बढ़ गया। बादशाह अकबर सोचने लगे कि क्या यह बात सही है? आज हमने इसका मुँह देख लिया है, देखते हैं, हमारे साथ क्या गुजरती है?

और अकबर स्नान कर दरबार में जाने के लिए तैयार हुए ही थे कि तभी समाचार मिला कि उनकी बेगम का भाई दुर्घटना में घायल हो गया है। दरबार में जाने के बदले वह अपने साले को देखने चले गए। लौटते वक्त महल की सीढ़ियों पर चढ़ते समय उनका पाँव फिसल गया और पैर में मोच आ गई। पैर में पट्टी बँधवाकर वे दरबार में पहुँचे। उस दिन बीरबल दरबार में नहीं आया, इसलिए कोई काम नहीं हो सका। ऊबकर वे अपने महल में लौट आए और थोड़ा आराम करने का विचार किया। अभी उन्हें जरा – सी झपकी आई थी कि बेगम ने उन्हें भोजन करने के लिए बुलाया। आज भोजन करने का उनका मन नहीं था। फिर भी भोजन करने बैठ गए। किंतु अभी पहला ग्रास ही मुँह में डाला था कि अचानक कहीं से एक मक्खी उनकी थाली में आ गिरी। वे खाना छोड़ कर खड़े हो गए। अब तो उनका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँच गया। बेगम से भी इस बात पर उनकी कहासुनी हो गई और बेगम नाराज हो गई। जैसे – तैसे वह दिन पूरा हुआ।

शाम को वे महल की छत पर गए और एकांत में बैठकर सोचने लगे कि आज मेरा पूरा दिन खराब गया। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। आज ही ऐसा क्यों हुआ? यह जरुर उस मनहूस की सूरत देखने का परिणाम है। उन्होंने उसी समय सिपाहियों को हुक्म दिया कि उस मनहूस को गिरफ्तार करके हमारे सामने पेश किया जाए।

सिपाही फौरन उसे पकड़कर ले आए। बादशाह ने उसे फाँसी की सजा सुनाई दरबारियों के पूछने पर उन्होंने पूरी बात बताई कि किस प्रकार इसका मुँह देखने पर उन्हें पूरा दिन परेशान रहना पड़ा।

खबर बीरबल तक पहुँची। उन्हें यह गरीब मार होती अच्छी नहीं लगी। वे सीधे कारागार पहुँचे और उस मनहूस से मिले और कुछ समझाकर लौट आए।

फाँसी के दिन सिपाही मनहूस को फाँसी के तख्ते के पास ले गए। फाँसी देने के पहले, जेलर ने उससे उसकी अंतिम इच्छा पूछी। उसने कहा, "कल सुबह बादशाह ने मेरा मुँह देखा था, इसलिए उन्हें कुछ तकलीफें उठानी पड़ीं। कल ही मैंने भी सबसे पहले उनका मुँह देखा था, इसलिए मुझे आज फाँसी पर चढ़ना पड़ रहा है। जेलर साहब! आप दरबार में जाकर बादशाह, दरबारी और नगर की जनता को मेरा यह संदेश पहुँचा दें कि आज से सुबह के समय कोई बादशाह का मुँह न देखें। जो भी व्यक्ति सुबह के समय बादशाह का मुँह देखेगा उसे मेरी तरह फाँसी पर चढ़ना पड़ेगा। बस, यही मेरी अंतिम इच्छा है।"

AM... DEPOT
Shop ... Utsav,
Th... ...ivali (E),
... 400 101.





Scanned by CamScanner

उस व्यक्ति की यह बात सुनकर जेलर स्तब्ध रह गया। कैदी की अंतिम इच्छा पूरी किए बिना उसे फाँसी नहीं दी जा सकती थी।अतः जेलर फौरन दरबार की ओर रवाना हो गया और बादशाह को उस व्यक्ति की अंतिम इच्छा बताई। उसकी इच्छा सुनकर वे भी स्तब्ध रह गए। उन्होंने तुरंत कैदी को दरबार में बुलवाया।

बादशाह ने उससे कहा, "मैं समझ गया, बीरबल की सलाह से ही तूने इस तरह की समझदारी की बात की है। मुझसे वाकई भूल में तेरे साथ अन्याय हो रहा था। जा, मैं तेरी सजा माफ करता हूँ।"

बादशाह ने उस व्यक्ति को पाँच सौ मुहरें भी भेंट में दीं। वह व्यक्ति खुश होकर चला गया। एक निर्दोष व्यक्ति के प्राण बचाने के लिए बादशाह ने बीरबल का बहुत आभार माना।

(i) बादशाह अकबर ने किसे देखा? वे क्या सोचने लगे? (2)

(ii) उस व्यक्ति की सूरत देखने के बाद बादशाह अकबर के साथ क्या–क्या दुर्घटनाएँ हुई? (2)

(iii) मनहूस व्यक्ति को क्या सजा सुनाई गई? उसे बचाने के लिए बीरबल ने क्या किया? (2)

(iv) मनहूस व्यक्ति से किसने क्या पूछा उसने अपनी अंतिम इच्छा क्या बताई? (2)

(v) बादशाह अकबर ने किसका और क्यों आभार माना? इस गद्यांश से हमें क्या शिक्षा मिलती है? (2)

प्रश्न 4) निम्नलिखि प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए?

क) निम्नलिखित शब्दों के 'भाववाचक' संज्ञाएँ लिखिए। (कोई दो) (1)

1) सीना 3) देव

2) रोना 4) ठाकुर

ख) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो शब्दों के 'विलोम" शब्द लिखिए। (1)

1) साधारण 3) वीरता

2) इमानदारी 4) पूर्ण

ग) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (1)

1) पवित्र 3) परिवार

2) क्षमा 4) फूल

घ) निम्नलिखित शब्दों में से किसी दो शब्दों को शुध्द कीजिए। (1)

1) अमौस्या 3) प्रकृतक

2) उलंघन 4) परास्परिक

ड़) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए। (1)

1) आँख भर आना।

2) खाला का घर।

च) कोष्ठक में दिए गए वाक्यों में निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए। (3)

(i) अब राजा के <u>आदेश</u> की <u>प्रतीक्षा</u> थी। (रेखांकित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए।)

(ii) राम का निर्णय सुनकर सभी सभासदों को आनंद आया।
("अनंदित" शब्द का प्रयोग कीजिए।)

(iii) पक्षी शाम होते ही बसेरों की तरफ लौट रहे थे। (वर्तमानकाल में बदलिए)

AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No. 1, ... Utsav,
Thakur ... Kandivali (E),
...-400 101.



Scanned by CamScanner

भाग – ब

SECTION – B

# साहित्य सागर

प्रश्न 5) निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर गद्यांशों के आधार पर हिन्दी में लिखिए।

"मोटर में सवार होते ही यह समाचार मिला। पिछली रात एक पहाड़ी बालक, सड़क के किनारे –पेड़ के नीचे ठिठुर कर मर गया।" (10)

(i) पहाड़ी बालक कौन था? उसका परिचय दीजिए। (2)

(ii) मृत पहाड़ी बालक किस दशा में व कहा पाया गया? दुनिया को "बेहया" क्यों कहा गया हैं? (2)

(iii) लेखक व उसके मित्र बालक से पहली बार कब व कहा मिले थे उस समय बालक किस हालत में था? (3)

(iv) कहानी का अंत अत्यंत हृदय स्पर्शी है, स्पष्ट कीजिए व इसके मूल संदेश पर प्रकाश डालिए। (3)

प्रश्न 6) "रसीला का रंग उड़ गया। बाबू जगतसिंह समझ गए।

(i) रसीला कौन है? उसका रंग कब व क्यों उड़ गया? (2)

(ii) इंजीनियर साहब की आँखो से आग कब बरसने लगी? उन्होंने रसीला के साथ कैसा व्यवहार किया? (2)

(iii) शेख साहब को न्यायप्रिय क्यों कहा गया है? रमजान को गुस्सा कब व क्यों आया? (3)

(iv) इस कहानी के माध्यम से लेखक समाज की किन बुराइयों को उजागर करना चाहता है? इसे किस प्रकार दूर किया जा सकता है। अपने विचार दीजिए। (3)

प्रश्न 7) "आज चित्रा को जाना था? अरुणा सवेरे से ही उसका सारा सामान ठीक कर रही थी।"

(i) चित्रा को कहाँ जाना था? उसकी क्या योजना थी? चित्रा के जाने की बात सुनकर अरुणा पर क्या प्रभाव पड़ा? (2)

(ii) चित्रा कहाँ गई थी? उसे होस्टल लौटने में देर क्यों हो गई? (2)

(iii) चित्रा का विदेश में प्रसिध्दि का क्या कारण था? (3)
उसके पिता ने अपनी बेटी की सफलता पर क्या किया? चित्रा व अरुणा आपस में कब व कहाँ मिलीं?

(iv) चित्रा की आँखे विस्मय से कब व क्यों फैली रह गई? आपके अनुसार वह किन खयालों डूब गई होगी? (3)

## – नया रास्ता –

प्रश्न 8) "अमित व मायाराम जी जब घर पहुँचे तो उन्होंने देखा कि कोई सज्जन उनका इंतजार कर रहे थे।"

(i) वे लोग कहाँ व क्यों गए थे? ये सज्जन कौन हैं उनका यहाँ आने का क्या प्रयोजन है? (2)



Scanned by CamScanner

(ii) उस सज्जन ने शादी के प्रस्ताव के साथ–साथ क्या लालच दिया था? मायाराम व उनकी पत्नी पर उस लालच का क्या प्रभाव पड़ा? (2)

(iii) मीनू के यहाँ मना करने के लिए माँ ने क्या योजना बनाई? उस योजना से मायाराम जी कितने प्रभावित हुए? (3)

(iv) आपके अनुसार किसी की लड़की के प्रति ऐसा व्यवहार करना उचित है? यदि नही तो क्यों? (3)

**प्रश्न 9)** **"अवसर पाकर दयाराम जी ने अपनी बहन को अलग कमरे में बुलाया और कहा – "बहनजी," ऐसा है कि आप मीनू से उसकी शादी के विषय में कुछ न कहना।"**

(i) दयाराम की बहन यहाँ क्यों आई हैं? उन्हें शादी के विषय में पूछने से मना क्यों किया जा रहा है? (2)

(ii) बुआ जी, ने किस कार्यक्रम में क्या अड़चने पैदा कीं? इससे उनकी किस विचारधारा का पता चलता है? उसका मीनू पर क्या प्रभाव पड़ा? (2)

(iii) हरे रंग की साड़ी में मीनू कैसी लग रही थी? उसके संबंध में कुछ महिलाओं ने अपनी क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की? (3)

(iv) बुआ के संबंध में अपने विचार कुछ पंक्तियों में व्यक्त कीजिए। ऐसे समय में बातचीत करते समय हमें किन बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। (3)

**प्रश्न 10)** **"आण्टी को उदास देखकर मीनू भी उदास हो गई। उसने पूछा, यहाँ अस्पताल में कितने समय और रहना पड़ेगा।"**

(i) मीनू इस समय कहाँ है? आण्टी एवं मीनू में क्या बातें हुई? (2)

(ii) मीनू के उपरोक्त प्रश्न का आण्टी ने क्या उत्तर दिया? मीनू अपने कमरे पर कब पहुँची? वहाँ राजो ने उससे क्या पूछा? (2)

(iii) राजो के प्रश्न का मीनू पर क्या प्रभाव पड़ा? दूसरे ही क्षण मीनू की मानसिकता किस प्रकार बदल गई? उसने राजो से क्या कहा? (3)

(iv) अमित की दशा को देखकर मीनू के मस्तिष्क पर क्या प्रभाव पड़ा उसके मन में अमित के प्रति क्या–क्या विचारधाराएँ उठ रहीं थीं। (3)

BOOK DEPOT

– समाप्त –

17

Scanned by CamScanner